## थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर

# प्रेस नोट ( सराहनीय कार्य दि0 11.4.24)

### "चैकिंग के दौरान वाहन चोर गिरफ्तार , सदर बाजार क्षेत्र से चोरी गयी स्कूटी सहित अवैध असलाह व कारतूस बरामद "

दिनांक 10/4/24 को आवेदक/वादी मुकदमा श्री जसवंत सिंह पुत्र सुलखान सिंह नि0मो0 बाडजई पेशवारी थाना सदर बाजार शाह0पुर द्वारा थाना सदर बाजार पर लिखित सूचना दी गयी थी कि उसकी ग्रे रंग की स्कूटी नं0 UP-27-Z4317 को शाम को करीब 05.00 बजे तेल टंकी के पास से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया हैं एंव उक्त सूचना पर थाना सदर बाजार पुलिस पर मु0अ0सं0 262/24 धारा 379 भा0द0वि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर द्वारा उक्त वाहन की बरामदगी व घटना में संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु सभी थानो को निर्देशित कर प्रभावी रूप से वाहन चैकिंग /तलाश के निर्देश दिये गये थे। निर्देशानुसार थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण मे थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस द्वारा दिनांक 10.04.2024 को मुखबिर की सूचना पर समय 09.15 बजे बादशाहनगर चौराहे से एक **अभियुक्त आशिक पुत्र धुन्नू उर्फ युनुस** को मय चोरी की स्कूटी सहित गिरफ्तार किया गया व अभि0 के कब्जे से एक अवैध तमंचा देसी व कारतूस बरामद किया गया। अभियुक्त को वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## ➢ गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-

आशिक पुत्र धुन्नू उर्फ युनुस उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम साहिजाना पोस्ट गोकन थाना मोहम्मदी जनपद लखीमपुर खीरी।

## ➢ गिरफ्तारी का स्थान व समय

दिनांक 10.04.2024 को समय 9.15 बजे को बादशाहनगर चौराहे के पास।

## ➢ पंजीकृत /अनावरित अभियोग:-

मु0अ0सं0 138/24 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना से0म0द0 जिला शाह0पुर
मु0अ0सं0 262/24 धारा 379 भा0द0वि0 थाना सदर बजार जिला शाहजहाँपुर

## ➢ बरामदगी का विवरण:-

1) एक अदद चोरी की गयी स्कूटी UP27-Z-4317 (संबन्धित मु0अ0सं0 262/24 धारा 379 भा0द0वि0 थाना सदर बाजार)
2) एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर
3) एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर।

## ➢ पूछताछ विवरण:-

अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि वह ग्राम सहिजाना पोस्ट गोकन थाना मोहम्मदी जनपद लखीमपुर खीरी का रहने वाला है। प्रदेश व प्रदेश के बाहर अलग-2 स्थानो पर जाकर सिंगार का सामान,चूडी, इत्यादि की फेरी लगाकर बिक्री का काम करता हैं दिनांक 8/4/24 को में तेल टंकी के पास आया था तथा वहा पर खडी स्कूटी को मौका पाकर चोरी कर ली थी तथा लेकर भाग गया था। आज मैं इस चोरी की स्कूटी को हरदोई राह चलते किसी कबाडी को खा कबाडे की दुकान पर बिक्री करने ले जा रहा था रास्ते में पुलिस चैकिंग में पकडा गया। क्योकि मेरे पास चोरी की स्कूटी थी तभी में सुरक्षा के लिए व पब्लिक को डराने के लिए अपने पास तमंचा रखे था।

## ➢ गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम का विवरण:-

1) उ0नि0 श्री अजय वर्मा थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर।
2) SI/UT श्री विवेक कुमार थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर।
3) का0 2792 अतुल शाक्य, थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर।
4) का0 2675 प्रवीन कुमार, थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर।